'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 142 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 07 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

एनएचएम तथा एचआईवी विभाग को पक्का करो की लगाई मेहंदी

Page 3



# आढ़तियों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की बड़ी घोषणाएं

**धान की आढ़त में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि, 45.88 रुपये से बढ़ाकर किया 55.00 रुपये प्रति क्विंटल**

**गेहूं में शॉर्टेज के कारण आढ़तियों को हो रहे नुकसान की भरपाई अब करेगी राज्य सरकार**

**मुख्यमंत्री ने की लगभग 12 करोड़ रुपये का मुआवज़ा देने की घोषणा**

**जुलाई और अगस्त में दिए जाने वाले चावल पर भी हरियाणा सरकार देगी 10 रुपये का बोनस**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज आढ़तियों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने धान की आढ़त को 45.88 रुपये से बढ़ाकर 55.00 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। इस फ़ैसले से लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जोकि किसी भी राज्य में नहीं दी जा रही है। साथ ही, उन्होंने कहा कि गेहूं में शॉर्टेज के कारण आढ़तियों को हो रहे नुक़सान की भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी, इसके लिए उन्होंने लगभग 12 करोड़ रुपये का मुआवज़ा देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं आज संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री निवास) पर हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन और हरियाणा राईस मिलर्ज एंड डीलर्ज एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर परिवहन राज्य मंत्री श्री असीम गोयल और शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री श्री सुभाष सुधा मौजूद रहे।

बैठक में आढ़तियों द्वारा गेहूं में शॉर्टेज का मुद्दा उठाया गया। आढ़तियों ने बताया कि प्रदेश में वर्ष 1966 से लेकर आज तक किसी भी सरकार ने कभी भी इस कमी की भरपाई नहीं की गई है। ये कमी औसत 0.20 प्रतिशत हर साल रहती है। पिछले रबी सीजन की कमी 0.28 प्रतिशत रही है। इस पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार 0.08 प्रतिशत की बढ़ी हुई शॉर्टेज के नुक़सान की भरपाई की जाएगी। इस शॉर्टेज के कारण 12 करोड़ रुपये का जो नुक़सान हुआ है उसकी भारपाई हरियाणा सरकार करेगी।

**जुलाई और अगस्त में दिए जाने वाले चावल पर भी हरियाणा सरकार देगी 10 रुपये का बोनस**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2023-24 की चावल की एफसीआई को डिलीवरी की आख़िरी तारीख़ 30 जून 2024 तक थी। उस दिन तक जिन्होंने सप्लाई दे दी थी, उन्हें हरियाणा सरकार की ओर से 10 रुपये बोनस दिया गया है। कई मिलर्स को स्टोरेज की कमी से डिलीवरी में इस बार दिक्कतें आई थी। इसलिए आखिरी तारीख को बढ़ाकर 31 अगस्त 2024 तक करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार को आखिरी तारीख बढ़ाने का अनुरोध किया है और उम्मीद है कि यह स्वीकृति शीघ्र आ जाएगी। इसलिए हरियाणा सरकार की ओर से जुलाई और अगस्त में दिए जाने वाले चावल पर 10 रुपये बोनस दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश को बेसहारा गौवंश मुक्त बनाने के तहत बेसहारा गाय/बछड़ा/बछड़ी पकड़कर अपनी गौशाला में लाने के लिए 600 रुपये प्रति गाय और 800 रुपये प्रति नन्दी की दर से तुरंत नगद भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे पकड़े गए बेसहारा पशुओं में से बछड़ा/बछड़ी के लिए 20 रुपये, गाय के लिए 30 रुपये तथा नन्दी के लिए 40 रुपये प्रतिदिन चारा के लिए अनुदान दिया जाएगा।

बैठक में मुख्य सचिव श्री टी.वी.एस.एन प्रसाद, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री मुकेश कुमार आहूजा, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक श्री मुकुल कुमार, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार श्री भारत भूषण भारती सहित हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन और हरियाणा राईस मिलर्ज एंड डीलर्ज एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई एच.एम.आर.टी.सी. बोर्ड की बैठक

## गुरुग्राम में रैपिड मेट्रो में यात्रियों और राजस्व में हुई उल्लेखनीय वृद्धि



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** रैपिड मेट्रो रेल गुड़गांव लिमिटेड (आर.एम.जी.एल.) और रैपिड मेट्रो रेल गुड़गांव साउथ लिमिटेड (आर.एम.जी.एस.एल.) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यात्रियों और राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह बात मुख्य सचिव श्री टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने आज चंडीगढ़ में हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड के बोर्ड की बैठक के बाद कही।

मुख्य सचिव ने कहा कि अप्रैल से जून 2024 के दौरान इन दोनों कम्पनियों की कुल आय पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10.49 प्रतिशत बढ़कर 8.11 करोड़ रुपये हो गई। यह वृद्धि सीधे तौर पर इस अवधि के दौरान यात्रियों में 8.75 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई है। रैपिड मेट्रो नेटवर्क का उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि के चलते अप्रैल, मई और जून 2024 में क्रमश: 12.20 लाख, 13.48 लाख और 12.30 लाख यात्री दर्ज किए गए। बैठक में राज्य के अंदर कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से कई मेट्रो परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। गुरुग्राम के सेक्टर-56 को पंचगांव से जोड़ने वाले प्रस्तावित मेट्रो लिंक एक्सटेंशन की दूरी 36 किलोमीटर होगी और इसमें 28 एलिवेटेड स्टेशन शामिल होंगे। इसके लिए राइट्स लिमिटेड ने रूट और ट्रांसपोर्ट सिस्टम प्लान को अंतिम रूप दे दिया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को 31 अगस्त, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह विस्तार गुरुग्राम क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार और भीड़भाड़ को कम करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो लाइन के विस्तार में तेजी ला रही है। राइट्स लिमिटेड ने तकनीकी-व्यवहार्यता अध्ययन के बाद अपनी मसौदा रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। अंतिम रिपोर्ट और व्यवहार्यता अध्ययन सितंबर 2024 तक सम्भावित है। इसकी राइडरशिप असेसमेंट रिपोर्ट भी अगस्त 2024 तक आने की उम्मीद है। इसी प्रकार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से एक डबल डेकर वायडक्ट समेत, फरीदाबाद और गुरुग्राम के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी के लिए एक व्यवहार्यता अध्ययन की समीक्षा की जा रही है। इसके अलावा, चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली में शहरी गतिशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से, चंडीगढ़ ट्राइसिटी के लिए व्यापक गतिशीलता योजना (सी.एम.पी.) को मंजूरी दे दी गई है। यह एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण (यू.एम.टी.ए.) प्रस्तावों के कार्यान्वयन की देखरेख करेगा। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए राइट्स लिमिटेड को नियुक्त किया गया है। नई दिल्ली से एम्स और जिला झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, बाढ़सा तक मेट्रो कनेक्टिविटी परियोजना के लिए राइडरशिप असेसमेंट का भी काम भी इसी कम्पनी को सौंपा गया है। इसकी अंतिम राइडरशिप मूल्यांकन रिपोर्ट 30 सितंबर, 2024 तक आने की सम्भावना है। बैठक में एसीएस अनुराग रस्तोगी, ए सी एस अरुण गुप्ता, एच एम आर टी सी बोर्ड से चंद्रशेखर खरे, सहित बोर्ड के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# विधानसभा चुनाव में हार सामने देख हवा-हवाई ऐलान कर रही है बीजेपी: हुड्डा

**बौखलाहट में भूली बीजेपी, राज्य नहीं, केंद्र सरकार करती है एमएसपी का ऐलान- हुड्डा**

**एमएसपी पर रत्तीभर भी गंभीर है बीजेपी तो केंद्र सरकार बनाए कानून- हुड्डा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** विधानसभा चुनाव में स्पष्ट हार सामने देख बीजेपी इस कद्र बौखला गई है कि उसे कुछ समझ नहीं आ रहा। सरकार द्वारा लगातार ऐसे हवा-हवाई ऐलान किए जा रहे हैं, जो वो जमीन पर लागू ही नहीं कर सकती। सभी फसलों पर एमएसपी देने वाला ऐलान भी उन्हीं में से एक है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा ने कहा कि सभी फसलों पर एमएसपी देने का ऐलान करते हुए हरियाणा की बीजेपी सरकार ये तक भूल गई कि एमएसपी का ऐलान केंद्र सरकार करती है। यह राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। प्रदेश सरकार ने ऐसी 15 फसलों का भी ऐलान कर दिया, जो हरियाणा में होती ही नहीं है। जबकि सच्चाई ये है कि केंद्र सरकार ने इस बार के बजट में कहीं एमएसपी गारंटी की बात ही नहीं कही, ना ही उसके लिए बजट में कोई प्रावधान किया। तो फिर प्रदेश सरकार किस आधार पर ऐसा ऐलान कर रही है? अगर बीजेपी एमएसपी को लेकर रत्तीभर भी गंभीर है तो केंद्र सरकार को कांग्रेस द्वारा किए गए ऐलान के मुताबिक तुरंत संसद में बिल लाना चाहिए, जिसमें एमएसपी की गारंटी का प्रावधान हो। केवल जुबानी जमा खर्च के जरिए किसानों को बरगलाने की कोशिश कामयाब नहीं होने वाली।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान किसानों को एमएसपी के लिए तरसाया है। हर बार किसानों को गेहूं, धान, सूरजमुखी, बाजरा, मक्का, सरसों समेत हर फसलों का मूल्य लेने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा। ऐसा कोई सीजन नहीं गया, जिसमें किसानों को धरना प्रदर्शन ना करना पड़ा हो। इसी बीजेपी सरकार के दौरान आजाद भारत के इतिहास का सबसे बड़ा आंदोलन भी किसानों ने किया। इसमें 750 किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी। फिर भी बीजेपी ने एमएसपी गारंटी की बात नहीं मानी।

अब हरियाणा में 2 महीने बाद चुनाव होने हैं। एक महीने बाद आचार संहिता लग जाएगी। अगले एक महीने के भीतर कोई फसल मंडी में नहीं आने वाली है। ऐसे में इस समय बीजेपी द्वारा एमएसपी देने की बात करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता।

हुड्डा ने कहा कि बीजेपी नीतिगत तौर पर एमएसपी के विरुद्ध रही है। इसलिए उसने हमेशा इसे खत्म करने की कोशिशें की है। कांग्रेस सरकार के दौरान गेहूं की एमएसपी 126 प्रतिशत और धान की एमएसपी 143 प्रतिशत बढ़ी थी। जबकि पूरे कार्यकाल में बीजेपी ने गेहूं पर 39 प्रतिशत व धान पर 54 प्रतिशत एमएसपी ही बढ़ाई है। कांग्रेस की हरियाणा सरकार ने गन्ने के भाव को देश में सर्वाधिक 117 से बढ़ाकर 310 किया था यानी इसमें 165 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की थी। लेकिन बीजेपी ने गन्ने के रेट में सिर्फ 19 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है। इसी तरह हर फसल की एमएसपी कांग्रेस सरकार के दौरान 2-3 गुणा बढ़ी। जबकि बीजेपी सरकार के दौरान डेढ़ गुना भी बढ़ोत्तरी नहीं हुई।

## तीज महोत्सव हरियाणवी गायक अजय हुड्डा मचाएंगे धमाल

समाचार गेट ब्यूरो



**गुरुग्राम।** पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल के संयोजन में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की महिला शाखा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले भव्य तीज महोत्सव बुधवार, 7 अगस्त को सेक्टर 5 के हुडा मैदान पर अपने गीतों के माध्यम से विश्व भर में छाप छोड़ चुके हरियाणवी गायक अजय हुड्डा कार्यक्रम में श्रोताओं का समा बाधेंगे। इस उत्सव में कई राज्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। तीज महोत्सव के संयोजक, पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल का कहना है कि भारतीय तीज त्यौहार समाज के सभी वर्गों के लोगों द्वारा मिलजुल कर मनाये जाने के उत्सव रहते हैं। उत्तर भारत विशेषकर हरियाणा में तीज का त्यौहार पूरे उत्साह से मनाया जाता है। यह खासतौर से महिलाओं के सजने संवरने से लेकर हरियाली तीज से जुड़े गीतों का त्यौहार है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में हरियाणा राजस्थान और पंजाब के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए विशेष कलाकारों के साथ-साथ हरियाणवी गीतों के जाने-माने गायक अजय हुडा एवं संगीतकार बुलाये गये हैं। वैश्य महासम्मेलन की महिला अध्यक्ष मीनाक्षी गुप्ता का कहना है कि बुधवार को होने वाले तीज महोत्सव में बच्चों की ड्राईंग और फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता के अलावा महिलाओं की सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव में झूले व स्वादिष्ट व्यंजन का भी समावेश रहेगा।

## 600 से अधिक छात्रों को पढ़ाया जिम्मेदारियों का पाठ

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सामुदायिक पुलिसिंग सेल द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को साइबर अपराध, महिला विरोध अपराध, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुजेसर में 600 से अधिक छात्रों को यातायात नियमों व साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्कूल इंचार्ज शेर मोहम्मद ने पुलिस टीम का स्वागत करते हुए, अपने धन्यवाद संबोधन में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए शुरू की गई। सामुदायिक पुलिसिंग प्रणाली के लिए पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद का आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस के झूठे दुष्प्रचार से जनता को सावधान करें कार्यकर्ता : मुख्यमंत्री

## देश और प्रदेश के विकास के लिए घातक है कांग्रेस : नायब सैनी



समाचार गेट ब्यूरो

**दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में पार्टी के मीडिया और सोशल मीडिया कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस देश और प्रदेश के लिए घातक है। कांग्रेस के दुष्प्रचार से जनता को सावधान करने की जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं की है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही तीसरी बार भाजपा की प्रदेश में सरकार बनना तय है। उन्होंने भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को गिनाया और कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में हुए भय-भ्रष्टाचार और जनता को बरगलाने वाली बातों को भी कार्यकर्ताओं के सामने रखा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सामने बैठे मीडिया और सोशल मीडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं को कहा कि हमें कांग्रेस की झूठी बातों को साबित नहीं होने देना है और जनता के सामने कांग्रेस के दुष्प्रचार का खुलासा करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने के प्रति विश्वास बढ़ा हुआ है और इसी विश्वास को कायम रखते हुए हमें कार्य करना है। मीडिया और सोशल मीडिया में हमें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यों को रखते हुए ज्यादा से ज्यादा जनता तक लाभ पहुंचाने का कार्य करना है। भाजपा का कार्यकर्ता कांग्रेस के झूठ को उजागर करने में कामयाब भी हो रहा है। कांग्रेस दुष्प्रचार करके सत्ता पाना चाहती है, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस के इस झूठे नेरेटिव को चलने नहीं देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसके विकास के लिए भाजपा सरकार ने कोई योजना ना बनाई हो। भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास करते हुए जनकल्याण की सरकार चलाई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने किसानों के नाम पर राजनीति की, लेकिन भाजपा सरकार ने किसानों को समृद्ध बनाने का काम किया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि किसानों के हित के लिए की गई घोषणाओं को ग्रास रूट तक लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि हम फिर से कल्याणकारी कार्यों के कारण जनता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि चुनाव में जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए हमें दोगुनी मेहनत करनी है। मंच पर बीजेपी के आईटी और सोशल मीडिया हेड अमित मालविया, राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख अरूण यादव मौजूद रहे।

बीजेपी के आईटी और सोशल मीडिया हेड अमित मालविया ने भी एक्सपर्ट के रूप में सोशल मीडिया की तकनीकी जानकारी कार्यकर्ताओं के सामने रखी। जबकि राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा ने वर्तमान में मीडिया की उपयोगिता पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर मीडिया एवं सोशल मीडिया विभाग के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और केंद्र से आई टीम का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव, मीडिया के सह प्रमुख शमशेर सिंह खरक, अशोक छाबड़ा, नवीन गर्ग, संदीप आजाद, संजय आहूजा, सोशल मीडिया के सह प्रमुख श्याम यादव, प्रवक्ता यशपाल बत्रा, राकेश शर्मा, नेहा धवन, वीरेंद्र चौहान, चेयरमैन कर्मबीर सैनी, विदु रावल, पंचकूला जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

## कांग्रेस को हरियाणा में सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है जनता : नीरज गुप्ता

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीरज गुप्ता ने कहा है कि भाजपा सरकार अब चंद दिनों की मेहमान रह गई है, अक्टूबर माह में होने वाले विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा का बोरिया-बिस्तर बांधकर उसे सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की बहुमत की सरकार बनेगी और चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बनकर विकास की पटरी से उतरे हरियाणा को फिर से देश का विकसित राज्य बनाने का काम करेंगे। यहां जारी प्रेस बयान में श्री गुप्ता ने कहा कि आज पूरे हरियाणा में कांग्रेस की लहर चल रही है, जहां भी पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र हुड्डा व सांसद दीपेंद्र हुड्डा जाते है,वहां-वहां लोगों की भारी भीड़ उन्हें समर्थन देने के लिए उमड़ पड़ी है, बल्लभगढ़ का रोड शो हो या फिर हथीन की जनसभा, हजारों लोगों की भागेदारी ये साबित करती है कि प्रदेश की जनता उम्मीद भरी नजरों से कांग्रेस की ओर देख रही है और कांग्रेस को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार के दस सालों में केवल भ्रष्टाचार और महंगाई का बोलबाला रहा है, लोग बुनियादी सुविधाओं को तरसे रहे, बिजली, पानी, सीवरेज टूटी सड़कें यह सब भाजपा के विकास में शामिल रहा, इन्होंने झूठे वायदे करके लोगों को गुमराह किया, लेकिन अब जनता इनके झूठे वायदों में नहीं आएगी और लोकसभा में जिस प्रकार से जनता ने कांग्रेस को समर्थन दिया, ठीक उसी प्रकार विधानसभा में कांग्रेस को 70 सीटें जिताकर बहुमत की सरकार बनाने का काम करेगी।

## एंटी ड्रग सेमिनार के दौरान छात्र किए जागरूक

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जसलीन कौर के दिशा निर्देश के तहत पुलिस चौकी सेक्टर 15 की टीम द्वारा एक निजी स्कूल में एंटी ड्रग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत 150 से अधिक छात्रों को नशे से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान, धर्मशाला, पार्क कंपनी इत्यादि में जागरूकता कैंप लगाकर निरंतर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सेक्टर 15 में स्थित एपीजे स्कूल में छात्रों को नशे से बचाव के साथ-साथ साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

फरीदाबाद समाचार



# एनएचएम तथा एचआईवी विभाग को पक्का करो की लगाई मेहंदी

## सारन डिस्पेंसरी की चिकित्सक दो दिन से अवकाश पर, मरीज रहे परेशान

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल का जहां एक तरफ 12वां दिन था। वहीं एचआईवी/एड्स विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल का मंगलवार को छठां दिन था। ऐसे में सावन के महीने में आने वाले तीज पर्व के एक दिन पहले सभी महिला कर्मचारियों ने हाथों में मेहंदी लगाई और पक्का करने की मांग उठाई। वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य केन्द्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं बूरी तरह से चरमराई नजर आई। स्वास्थ्य केन्द्रों समेत डिलीवरी हटों पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा तैनात किए गए चिकित्सक पहुंच ही नहीं रहे हैं। ऐसा ही सारन स्थित यूपीएचसी में देखने को मिला, जहां दो दिनों से चिकित्सक अवकाश पर है, लेकिन जिला स्वास्थ्य विभाग ऐसे चिकित्सकों की सुध ही नहीं ले रहा है।






### पक्का करो लिखकर लगाई मेहंदी:

जिले के बीके सिविल अस्पताल में धरने पर बैठे एनएचएम कर्मचारियों ने 12वें दिन एनएचएम को पक्का करों के नारे के संग हाथों पर मेहंदी लगाई, तो वहीं एचआईवी कर्मचारियों ने भी तीज के मौके पर धरने के छठे दिन मेहंदी लगाई। उन्होंने कहा कि अब वह विरोध को और भी आगे बढ़ाएंगे।

इस दौरान उन्होंने पक्का करों के नारे भी सभी ने संग मिलकर लगाए और अंत में उन्होंने कहा जब तक सरकार लिखित में उन्हें पक्का नही करती, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

### डिस्पेंसरी खुली, लेकिन चिकित्सक नहीं:




जिला सिविल सर्जन के द्वारा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों व यूपीएचसी पर स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहे, इसके लिए डिस्पेंसरियों में चिकित्सकों को तैनात किया है, लेकिन सारन यूपीएचसी में तैनात की गई, चिकित्सक दो दिनों से नहीं आ रही है, जिसके कारण वहां आने वाले मरीजों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। क्षयरोग और इलाज को आने वाले मरीजों ने बताया कि चिकित्सक तो आ नहीं रही है और हमें यहां दवाईयां भी गत 26 जुलाई से उपलब्ध नहीं हो रही है। वहीं उनका कहना था कि यदि चिकित्सक नहीं आई है, तो कर्मचारियों को भी डिस्पेंसरी बंद कर देनी चाहिए। ताकि हमें यहां आकर लौटना न पड़े।

## पेयजल के लिए तरस रहे हैं ऑटोपिन व तिलक नगर के लोग: शारदा राठौर

समाचार गेट ब्यूरो



फरीदाबाद। तिलक नगर व ऑटोपिन बस्ती में एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति ठप है। पीने का पानी नहीं मिलने से परेशान लोगों ने मंगलवार को सेक्टर 22 -23 वाले रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान पूर्व विधायक शारदा राठौर मौके पर पहुंची और निगम के अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर समस्या के जल्द समाधान करने की मांग की। तिलक नगर और ऑटोपिन बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। यहां पर कई साल से पेयजल की समस्या बनी हुई है । पिछले एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बंद है। लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं । हालत यह है कि लोग खरीद कर पानी पी रहे हैं। मंत्री व अधिकारियों से शिकायत करने पर भी कोई समाधान नहीं हो पाया है। इससे परेशान सेक्टर 22- 23 के लोगों ने एकत्र होकर प्रदर्शन करते हुए रोड जाम कर दिया । तापी उमसभरी गर्मी में 4 घंटे तक भी कोई निगम का अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इस दौरान मौके पर पहुंची पूर्व विधायक शारदा राठौर ने अधिकारियों से संपर्क कर मौके पर बुलाया और जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पीने के लिए पानी मांगने पर पुलिस प्रशासन गिरफ्तारी की धमकी देकर जनता की आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता ऐसा नहीं होने देंगे और हर समय उनके साथ खड़े मिलेंगे। इस समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे लोगों के साथ अनिश्चितकाल धरने पर बैठ जाएंगी।

## फरीदाबाद विधानसभा 89 में नारकीय जीवन जी रहे है लोग: सुमित गौड़



समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। ओल्ड फरीदाबाद स्थित हनुमान नगर की गली नम्बर-12 में व्याप्त बुनियादी समस्याओं के चलते स्थानीय लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। लोगों की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र 89 के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुमित गौड़ ने आज अपने साथियों के साथ हनुमान नगर में जाकर वहां व्याप्त समस्याओं का बारीकि से अध्ययन किया और भाजपा सरकार पर जमकर हल्ला बोला। इस मौके पर दिनेश गुप्ता, हिमांशु गर्ग, प्रतीक गर्ग, प्रवेश शर्मा, केएस चौहान, महेश, अकुंर, राहुल, विवेक मोहन, नरेंद्र ठाकुर, कृष्ण दत्त शर्मा, एसएस चौहान, सुधीर शर्मा, महेंद्र चौहान, नरेंद्र त्यागी, डा. भाटी, राकेश कपूर, मुकेश अग्रवाल, मेश बांकुरा, श्रीमती इंदु, खुशबू, लक्ष्मी, राखी, पिंकी, ज्योति, शांति शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान वहां भारी संख्या में मौजूद स्थानीय महिलाओं व पुरुषों ने सुमित गौड़ को बताया कि उक्त गली में बिना बारिश के ही सीवरेज का गंदा पानी सडकों और गलियों में भरा हुआ है, जिससे दुर्गन्ध उठती रहती है और यहां बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है, वहीं जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है, जिससे लोगों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। इसके अलावा यहां लगे बिजली के खम्भों से तारें नीचे लटकी हुई है, जिससे कभी भी हादसा होने का भय बना रहता है इन समस्याओं के बारे में कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती।

## कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

समाचार गेट ब्यूरो



फरीदाबाद। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन ने निगम आयुक्त की हठधर्मिता एवं नियमों के विरुद्ध सफाई कर्मचारी एवं सीवर मैनो के शोषण का आरोप लगाते हुए निगम मुख्यालय पर आंदोलन शुरू कर दिया है। आज भोजन अवकाश के समय कर्मचारियों ने सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरु चरण खांडिया की अध्यक्षता में जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का संचालन यूनियन के सचिव कृष्ण चिंडालिया ने किया। प्रदर्शन में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, राज्य उपाध्यक्ष कमला, जिला के प्रधान दलीप बोहत, कार्यकारी प्रधान सुदेश कुमार व जिला सचिव अनिल चिंडालिया सर्व कर्मचारी संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर सिंह बालगुहेर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सुबह कार चलाकर पहुंचा अस्पताल, शाम को हो गई युवक की मौत

## परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया ओवरडोज इंजेक्शन लगाने का आरोप, युवक के अंग किए दान

समाचार गेट/कविता




फरीदाबाद। सेक्टर-55 निवासी एक युवक की इलाज के दौरान मौत होने पर परिजनों ने ओल्ड फरीदाबाद स्थित एक निजी अस्पताल के चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस ने समझा बुझाकर परिजनों को युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाने की बात कही। जिस पर परिजनों ने युवक के कुछ अंग दान करते हुए युवक का पोस्टमार्टम करवाते हुए आरोपी चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग करते हुए माफी मांगने की मांग उठाई है। वहीं पुलिस का कहना है कि वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज करेंगी। फिलहाल युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### यह है पूरा मामला:

सेक्टर-55 निवासी स्वास्तिक ने नीट का एग्जाम दिया था, वह चिकित्सक बनना चहाता था, उसने इसके लिए कोटा से कोचिंग करने का प्लान बनाया था। लेकिन उसको पिछले कुछ दिनो से जुकाम था, जिस पर उसने बल्लभगढ़ के एक चिकित्सक से जांच करवाई। जांच में चिकित्सक ने बताया कि स्वास्तिक की नाक की हड्डी बढ़ी हुई है, जिस पर उसका ऑपरेशन करना होगा। सोमवार की सुबह उन्होंने स्वास्तिक को ओल्ड फरीदाबाद के निजी अस्पताल में बुलवा लिया। जहां स्वास्तिक स्वयं गाड़ी चलाकर ठीक ठाक पहुंचा, शाम को उक्त चिकित्सक ने अस्पताल में स्वास्तिक का ऑपरेशन कर दिया। इस दौरान स्वास्तिक की मौत हो गई। अब परिवार वालों का कहना है सुबह स्वास्तिक ठीक था तो शाम को उसकी मौत कैसे हो सकती है। जिसे लेकर उन्होंने चिकित्सक पर ऑपरेशन के दौरान दी गई बेहोशी की दवा की अधिक डोज देने या फिर ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को युवक के पोस्टमार्टम की बात कहकर शांत करवाया। जिस पर परिजन पोस्टमार्टम करवाने के लिए तैयार हो गए। वहीं परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन परिवार वाले ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक और ऑपरेशन में शामिल सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। चाचा भुवनेश्वर हिंदुस्तानी ने बताया कि जब तक पुलिस आरोपी डॉक्टर और उसके स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करती तब तक वे शव का दाह संस्कार नहीं करेंगे। वहीं पिता शशिकांत ने अपने बेटे के कई अंगों को दान कर दिया। ताकि दूसरे जरूरतमंद लोग उनका लाभ उठा सके।

# पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा टीम के साथ किया जा रहा है शहर का सर्वे



### यातायात से संबंधित खामियों को जल्द किया जाएगा दूर

### अगले 15 दिन में गुरुग्राम फरीदाबाद रोड़ टोल के सभी बेरिअर पॉइंट्स पर उपलब्ध होगी फास्ट टैग सुविधा

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। डीसीपी ट्रैफिक उषा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर का सर्वे किया जा रहा है और सर्वे के आधार पर यातायात से संबंधित खामियों की पहचान करके उनको दूर करने के लिए संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा एक कदम आगे बढ़ते हुए डीसीपी ट्रैफिक के नेतृत्व में शहर का सर्वे किया जा रहा है सर्वे के दौरान स्थानों को चिन्हित करके खामियों को दूर किया जाएगा। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात ने आज ठअक के प्रोजेक्ट डायरेक्टर व अन्य कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग का सर्वे किया गया सर्वे के दौरान राजमार्ग के विभिन्न बिन्दुओं को चिन्हित करके यातायात खामियों को दूर करने के लिए अवगत कराया गया है। यातायात पुलिस द्वारा एनआईटी जोन के मार्गों का सर्वे किया जा चुका है और बिन्दुओं का चयन करके नगर निगम फरीदाबाद, ऋटऊअ को स्ट्रीट लाइट, रोड़ मार्किंग, साइन बोर्ड, रेड लाइट, ड्रेनेज सिस्टम, रोड़ डिवाइडर, जेबरा क्रासिंग इत्यादि को दुरुस्त करने के लिए प्रत्राचार किया जा चुका है। इसके साथ ही फरीदाबाद गुरुग्राम टोल रोड का भी निरिक्षण करके खामी को दूर करने के लिए पत्राचार किया गया है तथा टोल औथोरटी को सभी टोल पॉइंट्स पर फास्ट टैग सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है जिनके द्वारा आश्वस्त किया गया है कि आगामी 15 दिन के अंदर अंदर फास्ट टैग सुविधा सभी बेरिअर पर उपलब्ध करवा दी जाएगी।

यातायात पुलिस द्वारा आगामी दिनों में ग्रेटर फरीदाबाद व सेंट्रल जोन फरीदाबाद के मार्गों का भी सर्वे करके बिन्दुओं को चिन्हित करके खामियों को दूर करने के लिए सम्बंधित विभाग को पत्राचार किया जाएगा। यातायात पुलिस का यही प्रयास है कि शहर में यातायात स्थिति दुरुस्त हो और आमजन को अपनी यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। यातायात पुलिस यात्रियों की सेवा के लिए तत्पर है इसके साथ ही आमजन से यह भी अपील है कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करके सकुशल अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे।

## छठी से दसवीं कक्षा तक के छात्रों को दी जाएगी छात्रावास की सुविधा: ममता शर्मा

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। जिला कल्याण अधिकारी ममता शर्मा ने बताया कि जिला फरीदाबाद में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातीयां एव पिछड़े वर्ग कल्याण व अंत्योदय विभाग द्वारा फरीदाबाद में कक्षा छठी से दसवीं कक्षा तक के छात्रों के रहने के लिए छात्रावास की सुविधा दी जाएगी। जिसके लिए एक छात्रावास की आवश्यकता है। जो कि फरीदाबाद शहर व फरीदाबाद के आसपास में ही स्थित हो। उन्होंने बताया कि 6-7 कमरे या 2-3 बड़े हाल कमरे, 1 रसोई (भोजन तैयार करने के लिए), 3 लैट्रिन-बाथरूम (साफ-सुथरे और वेल-मेंटेड) होगा। वहीं सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण, 24 घंटे बिजली और पानी की सुविधा साफ-सुथरे और वेल-वेंटिलेटेड कमरे अनुशासन और समय का पालन, फरीदाबाद व आसपास में स्थित हो। उन्होंने कहा कि आपके पास ऐसा कोई संपत्ति है जो हमारी आवश्यकताओं को पूरा करती है, तो कृपया आपका नाम, फोन नंबर, आपका ईमेल व पता के साथ जिला कल्याण अधिकारी, कमरा नंबर 408, चौथा तल, मिनी सचिवालय, फरीदाबाद फोन 0129-2385175 पर संपर्क करे।

## 47 शिकायतों में से 12 शिकायतों का मौके पर ही हुआ निपटारा: डीसी



समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने जनता की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर के रूप में नई पहल की है। सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से जिला में समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि आज मंगलवार को समाधान शिविर में 47 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 12 शिकायतों पर मौके पर ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत दी गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक शिकायत पर पूरा फोकस किया जा रहा है व तत्परता के साथ समाधान किया जा रहा है। पूरा प्रशासन बेहतर तालमेल बनाकर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर डीसीपी उषा, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अजित सिंह, रेवेन्यू से जितेंद्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान, जिला कल्याण अधिकारी ममता शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो माह लापता युवती को किया तलाश

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अपराध शाखा कैट की टीम ने 2 महीने से लापता 20 वर्षीय युवती को तलाश किया है। इस बारे में पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 मई 2024 को सराय थाने में गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। महिला के परिजनों ने बताया कि उनकी लड़की 28 मई से लापता है। उन्होंने अपनी लड़की को ढूंढने का बहुत प्रयास किया परंतु वह कहीं नहीं मिली। उन्होंने आसपास की जगह पूछताछ की तथा अपने दोस्तों व रिश्तेदारों से संपर्क किया परंतु उन्हें लड़की के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। इस मामले में क्राइम ब्रांच कैट ने कार्रवाई करते हुए तकनीकी तथा गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर महिला के बल्लभगढ़ में होने का पता लगाया और उसे सुभाष कॉलोनी से तलाश कर बरामद कर लिया। पूछताछ करने पर सामने आया कि लड़की किसी बात को लेकर परिजनों से नाराज होकर चली गई थी जिसे पुलिस ने ढूंढ निकाला। लड़की के बयान करवाकर उसके परिजनों के हवाले किया गया है।

## 40 दिन बाद ऑटो चालक जितेंद्र का हत्यारा दोस्त गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। पुलिस चौकी आईएमटी की टीम ने हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सोनू (31) है जो उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर एरिया का रहने वाला है और फरीदाबाद में नीमका गांव में किराए के मकान में रहता था। 26 जुन 2024 को सदर बल्लभगढ़ थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें सोनू ने शराब पीकर अपने 23 वर्षीय दोस्त जितेंद्र की हत्या कर दी थी। सोनू तथा जितेंद्र दोनों ऑटो चलाने का काम करते थे। 25/26 जून की रात दोनों ने जितेंद्र के कमरे पर शराब पी जहां पर उनका किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और सोनू ने कमरे में रखी कांच की बोतल तोड़कर जितेंद्र के पेट व छाती में मारी जिससे जितेंद्र बुरी तरह घायल हो गया और चोट लगने से जितेंद्र की मृत्यु हो गई। सोनू वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया था। मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस द्वारा उसके ठिकानों पर लगातार रेड की गई लेकिन आरोपी बचता रहा। पुलिस द्वारा लगातार रेड की जा रही थी जिसके दबाव में आकर आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया और पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय मोठूका में कक्षा 06 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। उपायुक्त कम जवाहर नवोदय विद्यालय के चेयरमैन विक्रम सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय मोठूका फरीदाबाद के सत्र 2025-26 में कक्षा 06 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2024 निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी आगामी 16 सितंबर तक अपने आवेदन ऑनलाइन माध्यम से जमा करवा सकते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार के नियमानुसार छात्र-छात्राओं का आरक्षण आरक्षित होगा। सत्र 2024-25 में फरीदाबाद जिला में कक्षा 5वीं में पढाई कर रहे सरकारी, मान्यता प्राप्त एवं गैर सरकारी संस्थान के विद्यार्थी जिनकी जन्म तिथि 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच है, वह आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा आगामी 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।




## एक बार फिर आगे खिसकेगी पुष्पा 2 की रिलीज डेट?

अल्लु अर्जुन और रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2- द रूल को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर पुष्पा 2 की रिलीज डेट को आगे बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, यह चर्चाएं फिलहाल सोशल मीडिया पर चल रही हैं। इस बारे में निर्माताओं की ओर से पुष्टि नहीं की गई है। इन चर्चाओं की वजह है पुष्पा 2 के निर्माण में हो रही देरी। पहले भी फिल्म की शूटिंग में हो रही देरी के चलते फिल्म की रिलीज की तारीख को आगे खिसकाया गया था। दरअसल, फिल्म पहले इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 15 अगस्त पर रिलीज होने वाली थी, जिसे स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद एलान किया गया कि अब यह फिल्म इस साल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब फिल्मी गलियारों में खबर है कि शूटिंग में देरी की वजह फहद फाजिल हैं। उन्होंने ही बल्क डेट्स नहीं दी थीं। विस्तार से बात करें तो फहाद ने पुष्पा 2 के लिए अपनी दो मलयालम फिल्मों की शूटिंग टाल दी है। हालांकि, जैसे ही फिल्म को 6 दिसंबर तक के लिए टाल दिया गया, शूटिंग में भी देरी हो गई। इससे फहाद परेशान हो गए और अब वह अपनी मलयालम फिल्मों में व्यस्त होने के कारण तारीखें नहीं दे रहे हैं। इन सब बातों ने फिल्म के शूट शेड्यूल को बिगाड़ दिया है और खबर है कि पुष्पा 2 को फिर से टाला जा सकता है। वहीं, अब खबर यह है कि फिल्म का नया शेड्यूल बहुत जल्द आरएफसी में शुरू होगा।

## पौराणिक फिल्में बनाने के चलन को राम गोपाल वर्मा ने बताया खतरनाक

राम गोपाल वर्मा मशहूर भारतीय निर्देशक हैं, जिन्होंने कई शानदार फिल्में बनाई हैं। वह हिंदी के अलावा कन्नड और तमिल फिल्में भी बनाई हैं। उनकी फिल्में अक्सर काफी सुर्खिया बटोरती हैं। उनकी फिल्मों के अलावा वो भी अपने बयानों की वह से अक्सर काफी चर्चा में रहते हैं। हाल में ही उन्होंने देश में लगातार बन रहीं पौराणिक फिल्में और इस चलन पर अपनी राय जाहिर की है। दिग्गज निर्देशक बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जाने जाते हैं। हाल में ही गैलाटा प्लस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने पौराणिक फिल्मों के चलन को लेकर बात की है। उन्होंने इन फिल्मों को बनाए जाने को खतरनाक करार दिया है। उन्होंन कहा कि अतीत में ये फिल्में भले ही सफल रही हैं, लेकिन बिना विवाद पैदा किए इन फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर सफल होने की संभावना थोड़ी कम है। इस बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि पौराणिक फिल्मों की कहानियों से दर्शकों के परिचित होने के बाद भी इन्हें क्यों बनाया जाता है। इस पर उन्होंने कहा, पौराणिक कहानियों पर फिल्में बनाना बहुत खतरनाक है। इसके दो कारण हैं, जो कहानियां लोगों को पहले से ही पता हैं और आप उन्हें अलग बनाने की कोशिश करते हैं,तो इसका उल्टा असर हो सकता है। आप हमारे देश में ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि इससे लोगों की आस्था जुड़ी है। दोनों ही तरह से मुझे लगता है कि यह काफी जोखिम भरा है।





## यह मेरे करियर के लिए बहुत जरूरी फिल्म है वेदा

शरवरी वाघ अपनी आगामी बहुचर्चित फिल्म वेदा को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म में शरवरी के अलावा जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज के लिए तैयार है। हाल ही में, अभिनेत्री ने फिल्म में काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है और बताया है कि वेदा में काम करना उनके करियर के लिए कितना जरूरी था।

मुंजा और महाराज में अपने अभिनय का दमखम दिखाने के बाद शरवरी वाघ अपनी तीसरी फिल्म वेदा को लेकर हर तरफ सुर्खियां बटोर रही हैं। उम्मीद है कि शरवरी की यह फिल्म उनकी हिट लिस्ट की हैट्रिक साबित होगी। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों का खूब प्यार मिला है। अब अभिनेत्री के फैंस इसकी रिलीज का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वेदा में अपने किरदार को मिल रहे प्यार के लिए शरवरी ने फिल्म के निर्देशक को धन्यवाद दिया है। शरवरी ने कहा, मैं अभी हर तरफ से मिल रही तारीफ का आनंद ले रही हूं। मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी में यह पल सिर्फ और सिर्फ निर्देशक निखिल आडवाणी की वजह से ही आ पाया है, उन्होंने मुझ पर अटूट विश्वास किया है। मैंने कला के प्रति अपने प्यार की वजह से ही अभिनेत्री बनने का फैसला किया था। मेरे लिए फिल्म की कहानी बहुत जरूरी है, इसलिए लोग निखिल सर का विजन पसंद कर रहे हैं। फिल्म वेदा के बारे में बात करते हुए शरवरी ने कहा, फिल्म को लेकर मुझे यह पूरी उम्मीद है कि वेदा एक बड़ी सफल फिल्म बनकर उभरेगी। मुझे लगता है कि अपनी फिल्मों को लेकर मैं बहुत लालची हूं। मैं चाहती हूं कि मेरी सारी फिल्में हिट लिस्ट का हिस्सा बने। मैं जब इस इंडस्ट्री में आई तो मेरी पहली फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। मुझे एक हिट मिलने के लिए करीब तीन साल तक इंतजार करना पड़ा था। निर्देशक का आभार जताते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं निखिल आडवाणी सर की हमेशा आभारी रहूंगी, उन्होंने मुझपर तब विश्वास किया, जब इंडस्ट्री के कुछ लोग ही मेरे सपोर्ट में थे। एक मेरे लिए एक कर्ज जैसा है, जिसे मैं शायद कभी भी नहीं चुका पाऊंगी।

## मैंने हमेशा अपने बारे में अच्छी अफवाहें सुनी हैं



तेलुगु सिनेमा में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल जल्द ही अपकमिंग फिल्म खेल खेल में से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमेशा उन्होंने अपने बारे में सकारात्मक अफवाहें सुनी हैं और उम्मीद जताई कि ये अफवाहें सच हों। शुक्रवार को मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान प्रज्ञा से पूछा गया कि क्या किसी अफवाह ने उनके घर में हलचल मचाई है। प्रज्ञा ने जवाब दिया, मैंने अपने बारे में कभी कोई नकारात्मक अफवाह नहीं सुनी। मेरे सामने आई सभी अफवाहें अच्छी और सकारात्मक रही हैं। फिल्म एनबीके 109 के लिए नंदमुरी बालकृष्ण के साथ काम कर रहीं अभिनेत्री ने विभिन्न उद्योगों में काम करने के अपने अनुभव शेयर किए। प्रज्ञा ने कहा, ये दोनों अनुभव अद्भुत हैं। मैं दो अलग-अलग उद्योगों और भाषाओं में काम करने के लिए आभारी हूं। मैं केवल अच्छी फिल्मों, अच्छी कहानियों का हिस्सा बनने और यादगार किरदार निभाने का प्रयास कर रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे ये अवसर मिल रहे हैं। भाषा मेरे लिए ज्यादा मायने नहीं रखती। मैं सिर्फ अच्छा काम करना चाहती हूं। खेल खेल में अक्षय कुमार, एमी विर्क, वाणी कपूर, तापसी पन्नू, फरदीन खान, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल हैं।

## उलझ में जान्हवी के अभिनय के कायल हुए अर्जुन कपूर



जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म की तारीफ कई सितारों ने की है। अब इस लिस्ट में अभिनेत्री के भाई अर्जुन कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने फिल्म को लेकर एक लंबा नोट लिखा और लोगों से कहा कि इसे जरूर देखना चाहिए। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अर्जुन कपूर ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, उलझ एक शानदार जासूसी ड्रामा है, जिसमें फिल्म के हर किरदार ने बेहतरीन अदाकारी दिखाई है। यह एक मनोरंजक फिल्म है, जो बेहतरीन ढंग बनाई गई है। जान्हवी कपूर, आप अलग-अलग कंटेंट और जटिल किरदारों का चयन करती हैं। आप पर गर्व है। जासूसी सही तरीके से की गई है। शानदार अभिनय और अच्छे सिनेमा की सराहना करने वाले हर व्यक्ति को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की यह थ्रिलर फिल्म 2 अगस्त को रिलीज हुई है।

## इस दिन होगा प्रभास की फिल्म का शुभारंभ



साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इसके साथ ही वे अपनी नई फिल्म राजा साब को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं। इस बीच प्रभास अपनी एक और नई फिल्म का एलान करने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वे आधिकारिक तौर पर फिल्म का एलान अगस्त में करेंगे। हालांकि, उससे पहले ही फिल्म को लेकर कई दिलचस्प जानकारियां सामने आ रही हैं। अगले महीने फिल्म का एलान किया जाएगा। फिल्म निर्देशन हनु राघवपुडी कर रहे हैं, जो इससे पहले दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर के साथ सीता रामम फिल्म बना चुके हैं। प्रभास की नई फिल्म एक पीरियड रोमांटिक ड्रामा होगी। वहीं अब फिल्म की आधिकारिक पूजा समारोह को लेकर नई जानकारी सामने आई है। फिल्म का प्री प्रोडक्शन तेजी से चल रहा है।

फिल्म को लेकर ताजा जानकारी यह है कि इस फिल्म का पूजा समारोह 17 अगस्त, 2024 को हैदराबाद में होगा। खबरों के अनुसार, प्रभास के इस समारोह में शामिल होने की संभावना है। ऐसे में यह साफ है कि पूजा समारोह के साथ ही फिल्म का आधिकारिक एलान हो जाएगा। इसके साथ ही फिल्म से जुड़ी अन्य जानकारी सामने आने की भी उम्मीद है। यह फिल्म एक पीरियड रोमांटिक ड्रामा है और महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के शासनकाल पर आधारित होगी। फिल्म में प्रभास आजाद हिंद फौज के सिपाही की भूमिका में नजर आएंगे। इसके लिए रामोजी फिल्म सिटी में एक बड़ा सेट भी बनाया जा रहा है। मैत्री मूवी मेकर्स इस फिल्म को बड़े बजट में बना रहे हैं। वहीं फिल्म में मुख्य नायिका का किरदार निभाने के लिए अभिनेत्री मृणाल ठाकुर से बातचीत चल रही है।



## ...तो क्या प्रोडक्शन हाउस की जिम्मेदारी से भी रिटायर होंगे आमिर खान?

अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने इस साल अभिनय की दुनिया में डेब्यू किया है। फिल्म महाराज से उन्होंने अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को रूबरू कराया। हालांकि, फिल्म बड़े परदे पर नहीं, बल्कि ओटीटी पर रिलीज हुई, लेकिन काफी पसंद की गई है। इस फिल्म के दौरान मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर ने बेटे की कितनी मदद की और शूटिंग के दौरान सेट पर कितनी बार गए? हाल ही में जुनैद ने कुछ दिलचस्प बातें शेयर की हैं।

### इस तरह प्रोडक्शन की दुनिया में भी आए

जुनैद अपनी पहली फिल्म की सफलता से बेहद खुश हैं। हाल ही में एक मीडिया पोर्टल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने फिल्मांकन के दौरान अपने पिता के सहयोग, उनके प्रभाव और आमिर खान प्रोडक्शंस को संभालने की अपनी योजनाओं पर चर्चा की। बातचीत में जुनैद से प्रोडक्शन में उनकी शुरुआती भागीदारी के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि अभिनेता आमतौर पर अपने करियर में बाद में फिल्म निर्माण जैसी भूमिकाओं में आते हैं, लेकिन उन्होंने प्रीतम प्यारे के साथ प्रोडक्शन का काम शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि फिल्म सेट पर उनके अनुभवों ने उन्हें प्रोडक्शन में आने के लिए प्रेरित किया। इनमें पीके पर उनका काम और कुछ विज्ञापन शूटिंग में सहयोग जैसी चीजें शामिल रही हैं।

### आमिर ने बेटे से कही रिटायर होने की बात

इस दौरान जुनैद ने यह भी जिक्र किया कि उनके पिता चाहते हैं कि प्रोडक्शन हाउस की जिम्मेदारी अब वही संभालें। जुनैद ने कहा कि महाराज की शूटिंग के बाद किरण राव लापता लेडीज बना रही थीं। इस दौरान उनके पिता पूरे समय मैं रिटायर होने वाला हूं फेज से गुजर रहे थे। जुनैद ने बताया कि उनके पिता ने इस बारे में उनसे बाकायदा बात की और कहा, मैं रिटायर हो रहा हूं, तुम क्यों नहीं इसे संभाल लेते। जुनैद ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्हें प्रोडक्शन की अच्छी समझ है, जिसे वे फिल्म निर्माण के सबसे कठिन पहलुओं में से एक मानते हैं।

### सिर्फ एक दिन ही गए सेट पर

बातचीत के दौरान जुनैद से पूछा गया कि महाराज की शूटिंग के दौरान क्या आमिर कभी फिल्म के सेट पर गए थे? जुनैद ने कहा कि उनके पिता सिर्फ शूटिंग के पहले दिन ही सेट पर आए थे। इस दौरान उनके तीन दादा-दादियां भी साथ आए। इसके बाद उन्होंने सीधे फिल्म देखी। जुनैद ने कहा कि उनके पिता को फिल्म काफी पसंद आई। वे एक सहज दर्शक हैं, जबकि उनकी मां एक कठोर क्रिटिक हैं।

## फिल्म में अजय देवगन का युवा किरदार निभाने पर शांतनु बोले माहेश्वरी

**फिल्म औरों में कहां दम था में शांतनु माहेश्वरी ने अजय देवगन के किरदार का यंग वर्जन निभाया है। ऐसे में अभिनेता ने हाल ही में अजय को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि उनके साथ उनका कुछ कर्म संबंध है।**

अभिनेता शांतनु माहेश्वरी इन दिनों फिल्म औरों में कहां दम था में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने अजय देवगन के किरदार का यंग वर्जन निभाया है। इस फिल्म से पहले भी दोनों एक साथ काम कर चुके हैं। दोनों संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में साथ काम कर चुके हैं। हालांकि, दोनों ने एक साथ कोई किरदार नहीं निभाया है। हाल ही में शांतनु माहेश्वरी ने अजय देवगन के हुनर और सिनेमा की उनकी समझ को लेकर तारीफ की है।

### अजय देवगन के साथ कुछ तो कनेक्शन है

शांतनु माहेश्वरी ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि अजय सर के साथ मेरा कुछ कर्म संबंध है। मैंने जब शो जीता था, तब उन्होंने ही मुझे खतरों के खिलाड़ी की ट्रॉफी दी थी। गंगूबाई काठियावाड़ी में उनकी उपस्थिति और अब मैं औरों में कहां दम था में उनका युवा रोल निभा रहा हूं। मेरा मतलब है कि कुछ तो कनेक्शन है।

### सुपरस्टार के साथ काम करके उत्साहित हैं शांतनु

उन्होंने आगे अजय देवगन की तारीफ करते हुए कहा, मुझे ईमानदारी से लगता है कि वह हमारी इंडस्ट्री के उन कुछ सुरस्टार्स में से एक हैं, जो अपने प्रोजेक्ट्स के चुनाव में बहुमुखी रहे हैं। यह उनकी सभी फिल्मों को क्रेडिबिलिटी देता है। मैं वास्तव में उनके काम के चुनाव की प्रशंसा करता हूं। उनके साथ जुड़ना वास्तव में मेरे लिए सम्मान की बात है।

### औरों में कहां दम था में नजर आए ये सितारे

शांतनु ने फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में एक प्रेमी लड़के अफशान रजाक की भूमिका निभाई थी। आलिया भट्ट द्वारा अभिनीत इस फिल्म में विजय राज, इंदिरा तिवारी, सीमा पाहवा और जिम सर्भ जैसे कलाकार नजर आए थे। वहीं, फिल्म औरों में कहां दम था की बात करें तो अजय देवगन स्टारर इस फिल्म में तब्बू, जिमी शेरगिल और साई मांजरेकर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित ये रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

